Title: Need to develop Vaishali in Bihar as a tourist resort-Laid.

डॉ0 रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली): प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में राट्रीय समिति के गठनोपरांत भगवान महावीर की 2600वीं जयन्ती इस र्वा मनायी जा रही है। वैशाली भगवान महावीर की जन्म भूमि, भगवान बुद्ध की कर्मभूमि एवम् जनतंत्र की जन्मभूमि लिच्छवी गणतंत्र के लिए ऐतिहासिक स्थल हे। सन 1956 में तत्कालीन राट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद ने भगवान महावीर की जन्मभूमि पर शिलान्यास किया था, वहीं पर भगवान बुद्ध का अस्थिकलश भी खुदाई में मिला था, जो मौजूद है।

अतः मैं मांग करता हूं कि सरकार 24वें तीर्थकर की 2600वीं जयती के अवसर पर वैशाली के चारों तरफ के वैशाली, लालगंज, भगवानपुर, गोरौल, वेलसर, सरैया, पारू, साहेलगंज, मोतीपुर, कांटी और मड़वन प्रखण्डों के सभी गांवों सहित वहां 2600 गांवों को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करें, जिसमें सड़क, विद्यालय, अस्पताल, पीने का पानी, गरीबों के घर एवं सभी गांवों का विद्युतीकरण कराकर वैशाली को रेल लाइन से जोड़कर, वहां पर जन्मभूमि के स्थल विकसित कराए और वहां पर भगवान बुद्ध के अस्थिकलश की स्थापना कर उसे अन्तर्राट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु सभी तरह की कार्रवाई करे।